Government of India
Ministry of Youth Affairs and Sports

# फिट इंडिया क्विज़ 2023 के लिए दिशानिर्देश

## 1. भूमिका

प्रत्येक भारतीय नागरिक को शारीरिक रूप से सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दृष्टि से अगस्त 2019 में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा फिट इंडिया मिशन शुरू किया गया था। युवा मामले और खेल मंत्रालय, अन्य सहयोगी मंत्रालयों एवं संस्थानो के साथ समन्वय में फिट इंडिया मिशन को लागू करने के लिए नोडल मंत्रालय है। फिट इंडिया मिशन का उद्देश्य नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में आसानी से किए जा सकने वाली शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है जो उन्हे निरंतर स्वस्थ बने रहने में सहायक हैं । पुनः दैनिक जीवन में शारीरिक फिटनेस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए, फिट इंडिया मिशन निरंतर अनेक कार्यक्रमों और अभियानों की संकल्पना और संचालन करता रहता है।

## 2. उद्देश्य

स्कूली बच्चों के बीच फिट इंडिया मिशन के संदेश को आगे बढ़ाने और स्कूलों में इसकी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए, देश भर के स्कूली बच्चों को शामिल करने के लिए एक फिट इंडिया क्विज़ की कल्पना की गई है। फिट इंडिया क्विज़, छात्रों को फिटनेस और खेल के बारे में अपना ज्ञान प्रदर्शित करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है, साथ ही छात्रों के बीच भारत के समृद्ध खेल इतिहास के बारे में जागरूकता पैदा करने का भी प्रयास करता है, जिसमें पारंपरिक भारतीय खेल और हमारे खेल नायक शामिल हैं, जो हमें स्वस्थ बने रहने के लिए अपनाई जाने वाली परंपरागत भारतीय जीवनशैली के विषय में जागरूक करते हैं।

## 3. फिट इंडिया क्विज़ 2021 और 2022:

फिट इंडिया क्विज़ के पहले संस्करण में, 13,502 स्कूलों के 36,299 छात्रों ने भाग लिया और फिटनेस और खेल में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। 29 अगस्त

2022 को लॉन्च किए गए दूसरे संस्करण में 702 जिलों के 16,702 स्कूलों के कुल 61,981 छात्रों ने भाग लिया। जेईई और एनईईटी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएँ आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के द्वारा फिट इण्डिया क्विज का पंजीकरण एवं प्रारम्भिक परीक्षा का आयोजन किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षा अंग्रेजी, हिंदी के अतिरिक्त 11 प्रमुख स्थानीय भाषाओं में आयोजित की जाती है।

**4. फिट इंडिया क्विज़ की संरचना**

फिट इंडिया क्विज़ तीन चरणों में सम्पन्न की जाती है जिसका विवरण निम्नलिखित है:

| चरण/राउंड | विवरण |
|---|---|
| पंजीकरण एवं प्रारंभिक परीक्षा (चरण 1) | **<u>पंजीकरण :</u>**<br>• स्कूल को छात्रों के चयन का पहला दौर आंतरिक रूप से आयोजित करना होगा और चयनित छात्रों को प्रारंभिक दौर के लिए पंजीकृत करना होगा।<br>• प्रारंभिक दौर के लिए पंजीकरण भारत भर के सभी स्कूलों के लिए खुला होगा।<br>• स्कूलों को एनटीए पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर क्विज़ के लिए न्यूनतम 2 छात्रों को पंजीकृत करना आवश्यक होगा जो फिट इंडिया पोर्टल (https://fitindia.nta.ac.in/) पर उपलब्ध है। स्कूल 2 से अधिक छात्रों का पंजीकरण कर सकते हैं। फिट इंडिया क्विज़ के लिए एक ही स्कूल से पंजीकृत होने वाले छात्रों की संख्या की कोई ऊपरी सीमा नहीं है।<br>• पंजीकरण शुल्क रु. 100 प्रति छात्र लागू होगा। स्कूल को पंजीकरण के समय प्रत्येक छात्र के लिए पंजीकरण शुल्क जमा करना होगा। |

| चरण/राउंड | विवरण |
| --- | --- |
| | • स्कूलों द्वारा पंजीकरण और भुगतान फिट इंडिया वेबसाइट पर दिए गए एनटीए पोर्टल पंजीकरण लिंक पर जाकर किया जाएगा<br><br>**<u>प्रारंभिक परीक्षा</u>**<br><br>• पंजीकृत छात्र एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) द्वारा होस्ट किए गए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत रूप से प्रतिस्पर्धा करेंगे। फिट इंडिया क्विज में शामिल होने के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गयी है। हालांकि, **<u>क्विज के प्रश्नों को इस तरह से तैयार किया जाएगा कि कक्षा 8 और उससे ऊपर के छात्र आसानी से उत्तर दे सकें।</u>**<br>• 13 भाषाओं- अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी, गुजराती, उड़िया, असमिया, बंगाली, पंजाबी और उर्दू में प्रश्नोत्तरी प्रश्न रखने का प्रावधान किया जाएगा। हालाँकि, किसी भी विसंगति या अमान्यता के मामले में, अंग्रेजी भाषा में प्रश्न मान्य होंगे।<br>• यूजर नेम और पासवर्ड, प्रारम्भिक परीक्षा से पहले स्कूल और छात्रों के साथ साझा किए जाएंगे।<br>• प्रारम्भिक परीक्षा के तहत प्रश्नोत्तरी 30 मिनट की अवधि की होगी और इसमें 60 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) शामिल होंगे। गलत उत्तरों के लिए नकारात्मक अंकन दिया जाएगा (प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक हैं और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा)।<br>• प्रारम्भिक परीक्षा एक विशिष्ट आंड्रोइड मोबाइल एप्लिकेशन पर दी जा सकती है। |

<table>
<tr><td>चरण/राउंड</td><td>विवरण</td></tr>
<tr><td></td><td>
नोट: यह मोबाइल एप्लिकेशन iOS पर उपलब्ध नहीं है<br><br>
प्रारम्भिक परीक्षा का मूल्यांकन और परिणाम<br><br>
• छात्रों का मूल्यांकन प्रारम्भिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। यदि एक से अधिक छात्र समान अंक प्राप्त करते हैं, तो कम उम्र का छात्र (आयु के अनुसार) मेरिट सूची में उच्च स्थान पर होगा।<br>
• जिस स्कूल का छात्र मेरिट लिस्ट में होगा वह स्टेट राउंड के लिए क्वालिफाई करेगा।<br>
• प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से शीर्ष रैंक वाले 4-32 स्कूल निम्नलिखित तालिका के अनुसार अगले दौर के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे:<br><br>
<table>
<tr><td>क्र.सं.</td><td>राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से भाग लेने वाले स्कूलों की संख्या</td><td>राज्य/केंद्रशासित प्रदेश दौर के लिए योग्य स्कूलों की संख्या</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>0-500</td><td>4</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>501-1000</td><td>8</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>1001-5,000</td><td>16</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>5,000 से अधिक</td><td>32</td></tr>
</table>
</td></tr>
</table>

| चरण/राउंड | विवरण |
| --- | --- |
|  | • यदि मेरिट सूची में एक से अधिक छात्र एक ही स्कूल से हैं, तो अगला छात्र और स्कूल एक स्थान सुरक्षित कर लेगा, जिससे उसका स्कूल राज्य दौर के लिए अर्हता प्राप्त कर लेगा।<br>• योग्य स्कूल राज्य दौर के लिए दो क्विज़र्स की एक टीम बनाने के लिए, अपने विवेक के आधार पर प्रारम्भिक परीक्षा के प्रतिभागियों में से एक अतिरिक्त छात्र को क्विज़ पार्टनर के रूप में नामांकित करते हैं। हालाँकि, यदि एक से अधिक छात्र एक ही स्कूल के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं तो टीम में दोनों योग्य छात्र होंगे।<br>• जिस छात्र को क्विज़ पार्टनर के रूप में नामांकित किया गया है उसका विवरण योग्य स्कूल द्वारा फिट इंडिया वेबसाइट पर स्कूल के बैंक विवरण और आगे के राउंड में भाग लेने वाले छात्रों के साथ दर्ज किया जाना चाहिए।<br>• प्रारंभिक परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्रों को भागीदारी प्रमाणपत्र मिलेगा। मान्यता राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से अधिकतम भागीदारी वाले स्कूलों को दी जाएगी। |
| राज्य/केंद्रशासित प्रदेश दौर: (चरण 2) | • स्टेट राउंड में वेब प्लेटफॉर्म पर आयोजित क्विज में योग्य स्कूलों की टीमें भाग लेंगी।<br>• प्रारूप: तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जाएगा और योग्य स्कूलों को सूचित किया जाएगा |
| राष्ट्रीय फाइनल (चरण 3) | • स्टेट राउंड में विजयी कुल 36 स्कूल टीमें यानी प्रति राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की एक टीम राष्ट्रीय दौर में भाग लेगी |

| चरण/राउंड | विवरण |
|---|---|
| | • प्रारूप: तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया जाएगा और योग्य स्कूलों को सूचित किया जाएगा |

क्विज़ को इंटरैक्टिव और दिलचस्प बनाने के लिए प्रश्नों में ऑडियो-विज़ुअल और छवि-आधारित प्रश्न भी शामिल होंगे। क्विज़ में नीचे बताए अनुसार कई विषयों से प्रश्न होंगे

• भारतीय खेलों का इतिहास, पारंपरिक खेल/खेल, योग, व्यक्तित्व आदि

• भारतीय पारंपरिक फिटनेस तरीकों पर विशेष जोर के साथ फिटनेस

• खेलो इंडिया/ओलंपिक/सीडब्ल्यूजी/एशियाई खेल आदि।

• खेल प्रोत्साहन और फिटनेस पर भारत सरकार की कई योजनाओं जैसे खेलो इंडिया योजना, टॉप्स, फिट इंडिया मिशन पर आधारित प्रश्न

• प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय लीग और प्रतियोगिताएं- आईपीएल, आईएसएल, ला लीगा, बिग बैश लीग, एफ1/मोटो रेसिंग, बॉक्सिंग आदि।

• खेल और फिटनेस के बारे में कोई अन्य राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय विकास

क्विज़ के राज्य और राष्ट्रीय दौर में दर्शकों के लिए इसे मज़ेदार, इंटरैक्टिव और आकर्षक बनाने के लिए शारीरिक चुनौती/गतिविधि सहित नवीन अवधारणाएँ होंगी। क्विज़ में बहु-प्रारूप भी होंगे जिनमें बजर राउंड और ऑडियो/वीडियो पहचान राउंड आदि शामिल होंगे।

## 5. फिट इंडिया क्विज़ के लिए पुरस्कार संरचना

फिट इंडिया क्विज़ स्कूलों और छात्रों को 3 करोड़ रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार जीतने का अवसर प्रदान करता है। फिट इंडिया क्विज़ के लिए विस्तृत पुरस्कार संरचना इस प्रकार है:

| विजेताओं को पुरस्कार राशि | | |
| --- | --- | --- |
| **विवरण** | स्कूलों के लिए नकद पुरस्कार (₹ में) | विद्यार्थियों के लिए नकद पुरस्कार* (₹ में) |
| **राष्ट्रीय चैंपियन** | 25,00,000 | 2,50,000 |
| **प्रथम रनर अप- नेशनल राउंड** | 15,00,000 | 1,50,000 |
| **द्वितीय रनर अप- नेशनल राउंड** | 10,00,000 | 1,00,000 |
| **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश चैंपियन **** | 2,50,000 | 25,000 |
| **राज्य/केंद्रशासित प्रदेश प्रथम रनर अप **** | 1,00,000 | 10,000 |
| **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वितीय उपविजेता**** | 50,000 | 5,000 |
| **प्रारंभिक परीक्षा के बाद राज्य क्वालीफायर***** | 15,000 | 2,000 |
| **राष्ट्रीय और राज्य विजेताओं और उपविजेताओं को ट्राफियां, पदक और प्रमाण पत्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश योग्यता सूची धारक को प्रमाण पत्र** | | 9,69,000 |

| **कुल पुरस्कार राशि------** | **3,25,00,000** |
|---|---|
| | |

यह सुझाव दिया गया है कि नकद पुरस्कार का उपयोग केवल खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा सकता है।

*2 छात्रों की टीम को पुरस्कृत किया गया

**प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश को पुरस्कार दिया गया

***राज्य दौर के लिए सभी योग्य स्कूलों को पुरस्कृत किया गया

**6. फिट इंडिया क्विज़ के लिए संभावित समयरेखा**

| **क्र. सं.** | **गतिविधि** | **आरंभ तिथि** | **समाप्ति तिथि** |
|---|---|---|---|
| 1 | **फिट इंडिया क्विज़ का शुभारंभ** | 29 **अगस्त** 2023 | |
| 2 | **पंजीकरण** | 4 **सितंबर** 2023 **से** 5 **अक्टूबर** 2023 **तक** | |
| 3 | **प्रारम्भिक परीक्षा (एनटीए द्वारा आयोजित मॉक टेस्ट सहित)** | 1 **नवंबर से** 8 **नवंबर** 2023 | |
| 4 | **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश दौर** | 1 **दिसंबर** 2023 **से** 25 **दिसंबर** 2023 **तक** | |
| 5 | **राष्ट्रीय दौर** | **जनवरी** 2023 | |

**7. स्कूलों की भूमिका**

- स्कूल अपने-अपने स्कूलों में क्विज़ के प्रचार-प्रसार के लिए प्रमुख चालक होंगे जो छात्रों की बड़ी सफलता और भागीदारी के लिए आवश्यक होगा।
- स्कूल फिट इंडिया वेबसाइट पर क्विज़ के लिए न्यूनतम दो छात्रों को पंजीकृत करने के लिए जिम्मेदार होंगे और छात्रों की पहचान के लिए निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को सुनिश्चित करेंगे।
- स्कूलों को प्रति छात्र आवश्यक पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना होगा।
- योग्य स्कूल को राज्य दौर के लिए दो क्विज़र्स की एक टीम बनाने के लिए, अपने विवेक के आधार पर, संबंधित स्कूल से एक अतिरिक्त छात्र को क्विज़ पार्टनर के रूप में नामांकित करना होगा।
- स्कूलों को फिट इंडिया वेबसाइट पर उपलब्ध दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।
- स्कूलों को छात्रों के लिए यात्रा आदि के मामले में आवश्यक व्यवस्था करनी होगी।

**8. राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की भूमिका**

- राज्य/केंद्र शासित प्रदेश फिट इंडिया क्विज़ का व्यापक प्रचार सुनिश्चित करें और स्कूलों को फिट इंडिया क्विज़ में पंजीकरण करने और भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फिट इंडिया क्विज़ की जानकारी राज्य के सभी स्कूलों के साथ साझा की जाएगी।
- राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अपने-अपने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य दौर के संचालन में फिट इंडिया मिशन का समर्थन करेंगे

**9. फिट इंडिया मिशन की भूमिका**

भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत फिट इंडिया मिशन फिट इंडिया क्विज़ के लिए मुख्य लाभार्थी होगा और हितधारकों को सभी आवश्यक वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। फिट इंडिया मिशन संबंधित राज्य विभागों के साथ समन्वय करेगा और फिट इंडिया क्विज़ के विभिन्न चरणों में दिशानिर्देश प्रदान करने और एसओपी को परिभाषित करने में सुविधा प्रदान करेगा।